हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


4 पूर्व सैनिक संगठन ने मनाया कारगील विजय दिवस






## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से किसान घायल

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भलमुड़ी निवासी किसान महादेव प्रसाद सिदार पिता मोहन लाल सिदार ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद लगभग एक माह पश्चात घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महादेव प्रसाद सिदार 16 जून 2026 की सुबह करीब 9 बजे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बीएच 2674 से भलमुड़ी से घरघोड़ा जा रहे थे। सुबह करीब 10.30 बजे ग्राम बैहामुड़ा के पास एक मोड़ पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बी एल 1086 के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में महादेव प्रसाद सिदार के दाहिने हाथ और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं। वहीं दूसरी मोटरसाइकिल के चालक और पीछे बैठे व्यक्ति भी घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मोटरसाइकिलों का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज पूरा होने के बाद महादेव प्रसाद सिदार 25 जुलाई को दुर्घटना की लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराते हुए संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### हथियार लहराकर धमका रहा युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बरौनाकुंडा में लोहे का कत्ता और तीर-धनुष लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हथियार जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई को चवन लाल सारथी निवासी बरौनाकुंडा ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का विद्याधर अगरिया हाथ में लोहे का कत्ता और तीर-धनुष लेकर गली में घूम रहा है तथा आने-जाने वाले लोगों को भयभीत कर रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जब आरोपी के घर के पास पहुंची, तब विद्याधर अगरिया पुलिस को देखकर हाथ में कत्ता और तीर-धनुष लहराते हुए सामने आया और धमकी देते हुए कहा कि जो भी उसके पास आएगा, उसे मार देगा। पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी कर आरोपी को काबू में लिया।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर स्थित गंगाराम तालाब के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की मां की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, तुरीपारा चांदमारी निवासी वृन्दावती शुक्ला ने शिकायत दर्ज कराई कि 25 जुलाई की रात करीब 1.25 बजे उन्हें मोबाइल फोन से सूचना मिली कि उनके बेटे विकास शुक्ला के साथ इंदिरा नगर गंगाराम तालाब के पास मारपीट की गई है।

# महानदी पर बने प्रदेश के सबसे बड़े सूरजगढ़ पुल के 55 झरोखों से झांक रही सरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

» हर दिन यहां से हजारों की तादात में गुजरती हैं गाड़ियां, इसमें वीवीआईपी और वीआईपी भी

» नुकीली छड़ से अंधेरे में हादसे की आशंका, हो सकता है वाहन चालकों को खतरा

» मरम्मत करने के बाद भी हालात जस के तस, रात को ज्यादा डर, लोगों में रहता है दहशत





महानदी पर पुसौर ब्लॉक के सूरजगढ़ में बने प्रदेश के सबसे बड़े पुल जिसमें हर दिन हजारों की तादात में गाड़ियां गुजरती है उस पुल के 55 झरोखों से झाँक रही सरिया से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जगह-जगह नुकीली छड़ निकली हुई है, जिससे वाहन चालकों को कभी भी खतरा हो सकता है। याने यहां पर हादसे की आशंका बनी रहती है।

दिलचस्प बात यह कि सूरजगढ़ पुल से केवल सामान्य लोगों की आवाजाही होती है ऐसा नहीं है, यहां से वीवीआईपी और वीआईपी लोग भी लगभग हर दिन गुजरते हैं। दिन में भी और रात में भी, उनकी नजरें भी पुल पर झांक रही नुकीली सरिये पर जरूर पड़ती होगी, लेकिन कभी किसी ने उसे सुधार करने के लिए कोई पहल नहीं किया। ऐसा नहीं है कि मरम्मत नहीं हुई है, हुई है फिर भी सुधार नहीं हुई है। इस वजह से राहगीरों को यहां हादसे कर डर बना रहता है। प्रदेश के सबसे बड़े उच्च स्तरीय सूरजगढ़ महानदी पुल निर्माण का बीते अगस्त 2008 में शिलान्यास हुआ हौ बीते अगस्त 2013 में लोकर्पण। शिलान्यास और लोकार्पण दोनों पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने किया। यह ओड़िशा और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली अहम पुल साबित हुआ। दोंनों प्रांत का व्यापार-व्यवसाय काफी हद बढ़ गया। अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियां भी काफी बढ़ गई। कुल मिला कर यह पुल दोनों प्रांत के लिए बरदान साबित हुआ। हर दिन पुल पर पांच से सात लाख का लोगों की आवाजाही होती है, लेकिन यहां से गुजरने वाले लोगों को हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है। कारण इस आधे किमी लंबाई की पुल पर इस छोर से उस छोर तक करीब 55 जगहों पर उखड़ कर सरिया झांक रही है। चूंकि काफी बड़े-बड़े हिस्से में इस तरह के गड्ढे बने हुए हैं। इसके कारण आने-जाने वालों को डर बना रहता है। खासकर रात और जब बारिश हुई रहती है। तो उसमें पानी भर जाता है और नजर नहीं आती।

### दोनों साइड इसी तरह के हालात

सरिया से पुसौर या फिर पुसौर से सरिया, दोनों साइड में इसी तरह के हालात हैं। सड़क किनारे मौजूद सूरजगढ़ निवासी एक ग्रामीण ने बताया कि बीच में कुछ मरम्मत किया गया था, लेकिन दूसरे जगहों पर गड्ढे हो गए हैं। उपर से उसमें लगे सरिया बाहर निकला हुआ है। दो तीन बार तो उसने देखा है इन गड्ढों को बचाते हुए वाहन चालक गिर चुके हैं। बारिश होने और रात में ज्यादा दिक्कत होने की बात कही जा रही है।

# हाथियों ने दो रात में 7 घरों की दीवारें तोड़ीं फसल रौंदी, स्कूल की बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। धरमजयगढ़ वन मंडल से लेकर रायगढ़ वन मंडल तक हाथियों के दल लगातार रिहायशी इलाकों और खेतों में पहुंच रहे हैं। बीते दो रातों के दौरान कापू रेंज में हाथियों ने सात ग्रामीणों के कच्चे मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि कई किसानों की धान की फसल रौंद दी। वहीं घरघोड़ा रेंज में एक हाथी स्कूल परिसर तक पहुंच गया और बाउंड्रीवाल गिरा दी। घटनाओं के बाद वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार, कापू रेंज के जंगल से निकले तीन हाथी शुक्रवार और शनिवार की रात अलोला तथा आसपास के गांवों में पहुंच गए। सबसे पहले हाथियों ने खेतों में घुसकर धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद गांव में प्रवेश कर कई कच्चे मकानों की दीवारें तोड़ दीं। ग्रामीणों ने समय रहते घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण ले ली, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। अगली रात भी यही हाथी अलोला, इदंकालो और आसपास के क्षेत्रों में घूमते रहे। इस दौरान कई किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा। दूसरी ओर बाकारूमा रेंज के सोखमुड़ा, जमाबीरा और मदनपुर ⏭ शेष पेज 3 पर


# उफनते नाले में बह गई कार, पूर्व सरपंच दंपती लापता, रायगढ़ से पहुंचे गोताखोर

**रायगढ़।** लगातार हो रही बारिश के बीच रविवार की शाम सारंगढ़-बरमकेला मार्ग पर एक बड़ा हादसा हो गया। तेज बहाव के बीच एक कार अनियंत्रित होकर लात नाला में जा गिरी। देखते ही देखते कार पानी के तेज बहाव में बह गई, उसमें सवार लोग बाहर नहीं निकल सके।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में घोटला बड़े के पूर्व सरपंच देवनारायण पटेल और उनकी पत्नी सवार थे। घटना शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। देर शाम तक नाले और आसपास के क्षेत्र में सर्च अभियान जारी रहा, लेकिन देर शाम तक कार और ⏭ शेष पेज 3 पर

### खास बातें

- सारंगढ़ थाना क्षेत्र के लात नाला का मामला, डूबती कार को देखा लोगों ने, मची अफरा तफरी
- अब कल सुबह ही होगी तलाश शुरू, माधोपाली स्थित दुकान से लौट रहे थे गांव



### बारिश का अलर्ट

प्रदेश में खराब मौसम का असर लगातार देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम बंगाल तट के पास बने निम्न दबाव क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) का असर अब छत्तीसगढ़ में भी दिखाई दे रहा है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा, गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। ऐसे में लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से नदी-नालों के पास नहीं जाने की सलाह दी गई है। लात नाला में भी पानी का तेज बहाव है, पुलिस कर्मियों की वहां तैनाती की है ।

# 100 मीटर एप्रोच रोड तालाब में तब्दील, वहां से गुजरने वाले अधिकारी बने अनजान



**रायगढ़।** रायगढ़- पुसौर एप्रोच रोड में करीब 100 मीटर की सड़क के लिए सालों से इंतजार हो रहा है, लेकिन निर्माण है कि पूरी नहीं हो पा रही है। खास बात यह है कि प्लांटों के लिए किसी भी तरह से सैकड़ों एकड़ जमीन अधिग्रहण कर लेते हैं, लेकिन मुख्य मार्ग के लिए 100 मीटर जमीन प्रशासन अधिग्रहित नहीं कर पा रही है। हालात यह है कि यहां केवल 100 मीटर की सड़क बारिश में तालाब में तब्दील हो जाती है। इससे एप्रोच रोड पर आने-आने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। प्रशासन इसका समाधान ही नहीं कर पा रहा है। असलियत तो यह है कि पुसौर राजस्व विभाग के अधिकारियों को इस मामले की जानकारी ही नहीं है।

कुछ दिन पहले ही कुछ लोगों द्वारा नाली निर्माण की मांग की गई तब संज्ञान में आया। याने हर दिन उस तालाब बने गड्ढे वाली सड़क में गुजर कर अधिकारी जाते हैं, लेकिन मामला पता ही नहीं है, यह भी अजीब बात है। औरदा से पुसौर मार्ग में पुसौर के मुहाने पर बारिश में तालाब बना रहता है। राहगीरों को आने-जाने में दिक्कत होती है। साथ ही हर दिन यहां हादसा होती है। प्राइवेट जमीन का हवाला, लेकिन सवाल है प्रशासन अधिग्रहित कर नहीं पा रही है। रायगढ़ से औरदा होते हुए पुसौर से केवल 100 मीटर पहले साधु ढाबा के पास हनुमान मंदिर तक पक्की सड़क बनी है। इस एप्रोच रोड को भी काफी विवाद के बीच पीडब्ल्यूडी ने निर्माण पूरा किया है। दो बार तो उखाड़ कर बनाया गया है। कारण काफी घटिया निर्माण हुआ था। मसला यह नहीं है, मसला है पुसौर के मुहाने पर केवल 100 मीटर की सड़क सालों से नहीं बनी है। यहां बारिश में बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं और तालाब की तरह लबालब पानी भरे रहता है। राहगीर कई बार इन गड्ढों में गिरते भी हैं, लेकिन इस सड़क को बनाने की पहल अधिकारी कर नहीं रहे हैं। जबकि सभी बड़े अधिकारी इसी मार्ग से गुजरते हैं। जानकारी मिली है कि यहां कुछ प्राइवेट तो कुछ सरकारी जमीन है। दूसरी ओर अधिकारियों को पता ही नहीं है कि कहां कौन सी जमीन है। पूर्व में जो कच्ची सड़क चलन में था उसमें अब मकान निर्माण हो चुका है। इसकी तहसील कोर्ट से बेदखली आदेश के बाद अपील में है। यहां मकान निर्माण हो गया तो उसके बाजू से लोगों ने आना-जाना चालू कर दिया, लेकिन वह भी कच्ची सड़क ही है। यहां इतने बड़े- बड़े गड्ढे हो चुके हैं कि वाहन तो दूर पैदल चलने में भी दिक्कत होती है। इस हालात में लोगों की आवाजाही होती है।

### कच्ची सड़क में भी नाली नहीं

इस कच्ची सड़क में नाली नहीं है। इसके कारण वहां पानी जाम हो जाता है। पानी भरे होने की वजह से दिनों दिन गड्ढे बड़े होते जा रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बारिश में ही होती है। बाकी समय किसी तरह लोग पार हो जाते हैं। गड्ढों में पानी भरे होने की वजह से राहगीरों के उपर भी छीटें पड़ रहे हैं।

पटवारी को सीमांकन करने का निर्देश दिया गया है। सीमांकन होने के बाद पता चलेगा सरकारी और प्राइवेट कहां से और कितना है। अभी तक यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। वहां नाली निर्माण की मांग भी की गई है।

**अनुराधा पटेल, तहसीलदार पुसौर**






## पोर्टफोलियो जज जस्टिस सचिन सिंह राजपूत पहुंचे रायगढ़

# जस्टिस ने किया कोर्ट, जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के न्यायाधीश एवं रायगढ़ जिले के पोर्टफोलियो जज जस्टिस सचिन सिंह राजपूत द्वारा 25 एवं 26 जुलाई को रायगढ़ जिले के विभिन्न न्यायालयों तथा जिला जेल का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयीन व्यवस्थाओं, न्यायिक कार्यप्रणाली, आधारभूत सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, न्यायालयीन कर्मचारियों, पक्षकारों तथा जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली।

जिला एवं सत्र न्यायालय सहित घरघोड़ा और खरसिया न्यायालय का किया निरीक्षण 25 जुलाई को न्यायाधिपति जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़, बाह्य न्यायालय घरघोड़ा तथा बाह्य न्यायालय खरसिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालयों की कार्यप्रणाली, न्यायालयीन अभिलेखों के संधारण, आधारभूत संरचना, न्यायिक प्रशासन तथा विभिन्न न्यायालयीन व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधिपति ने न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों से न्यायिक प्रकरणों के निराकरण, अभिलेखों के रख रखाव तथा न्यायालयीन कार्यों के सुचारू संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिवक्तागण एवं न्यायालय में उपस्थित पक्षकारों से भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद किया तथा उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को जाना। उन्होंने न्यायिक कार्यों के त्वरित, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए न्यायालयीन प्रशासन में दक्षता बढ़ाने तथा न्यायिक सेवाओं को आम नागरिकों के लिए अधिक सुगम बताया।



# प्रतीक गांधी की फिल्म 'घमासान' का टीजर जारी

**मुंबई।** जी5 ने अपनी ओरिजनल फिल्म 'घमासान' का ऐलान किया है, जिसमें प्रतीक गांधी मुख्य किरदार में हैं। तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित इस क्राइम एक्शन-ड्रामा में अरशद वारसी खलनायक 'महाराज' के किरदार में नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण जियो स्टूडियो और गोल्डन रेशियो फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। इसकी कहानी मध्य भारत के बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर आधारित एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी (प्रतीक) और खूंखार डाकू सरगना (अरशद) के बीच आपसी टकराव पर आधारित है। इसका टीजर राजनीति, जातिगत समीकरण, अपराध, डर और सत्ता के दबदबे की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें कानून और अपराध के बीच की सीधी टक्कर दिखाई गई है।

लाइफ Style



# साई
## फिल्म का पहला भाग दिवाली पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया।

रणबीर कपूर की पौराणिक फिल्म 'रामायण' में साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म का पहला भाग दिवाली, 2026 के अवसर पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगा, जिसका इंतजार हर किसी को है। ताजा खबर है कि अब साई अपनी अगली परियोजना में जुट गई हैं, जिसका निर्माण दिग्गज निर्माता मणिरत्नम कर रहे हैं। फिल्म का नाम तय नहीं है, लेकिन परियोजना का ऐलान इसी साल एक आधिकारिक पोस्ट के जरिए किया गया था।

***विजय सेतुपति के साथ साई ने शुरू की शूटिंग :*** मणिरत्नम की अनाम फिल्म में साई के साथ मुख्य किरदार में विजय सेतुपति नजर आएंगे। हाल ही में अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोलकाता यात्रा का वीडियो साझा करके फैंस के बीच उत्साह जगा दिया। बताया जा रहा है कि साई और विजय शूटिंग के लिए शहर में पहुंचे हैं। हालांकि पहले उन्होंने चेन्नई में कलाकारों के साथ कई कार्यशालाओं में भाग लिया था। इससे पहले फिल्म की शूटिंग जून में होने की खबर भी आई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म को रिलीज से पहले ही बड़ा डिजिटल सौदा मिल चुका है।

हॉलीवुड मसाला



# एबेनेजरः ए... से आई पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** जॉनी डेप अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जो हॉलीवुड में 8 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने 23 जुलाई को अपनी आगामी फिल्म 'एबेनेजरः ए क्रिसमस कैरल' का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इसमें वह 'एबेनेजर स्क्रूज' की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी झलक टीजर में दिखाई गई है। बता दें, जॉनी को आखिरी बार फिल्म 'फैंटास्टिक बीस्ट्स' (2018) में देखा गया था, जिसके बाद से वह सिनेमा से दूर थे।



# फिल्मी पर्दे पर लौटेगी 'हैरी पॉटर' की जादुई दुनिया...

**लॉस एंजिल्स।** जादू और रोमांच की दुनिया में ले जाने वाली लोकप्रिय फ्रैंचाइजी 'हैरी पॉटर' बड़े पर्दे पर फिर लौट रही है। इस हॉलीवुड फ्रैंचाइजी की पहली किस्त 'हैरी पॉटर और फिलॉस्फर्स स्टोन' 2001 में रिलीज हुई, जिसने 25 साल पूरे कर लिए हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष का जश्न मनाने के लिए वार्नर ब्रदर्स इसे बड़े पर्दे पर दोबारा से ला रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि फ्रैंचाइजी की सभी 8 फिल्में दोबारा से रिलीज की जाएंगी। 'हैरी पॉटर' निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक पोस्ट साझा किया है, जिसमें बताया गया है कि सीरीज को विश्वस्तर पर दोबारा से रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए दर्शक 31 जुलाई से टिकटों को खरीद सकते हैं।



# निर्देशक सुरेश की फिल्म में आएंगी नजर

**मुंबई।** मौनी रॉय को आखिरी बार वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में देखा गया था। ताजा अपडेट है कि उनके हाथ निर्देशक सुरेश कृष्णा की एक रोमांटिक फिल्म लगी है, जिसमें वह मुख्य किरदार में नजर आएंगी। दरअसल, फिल्म 'रॉकी- द रिबेल' (2006) बनाने के बाद, सुरेश करीब 20 साल बाद एक रोमांटिक फिल्म के जरिए हिंदी निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म का निर्माण प्रेरणा अरोरा करेंगी। एक इंटरव्यू में निर्देशक ने कहा, ऐसी शख्सियत जो मुख्य किरदार के भावनात्मक भार को सहजता, सुंदरता और दृढ़ विश्वास के साथ निभा सके। हम दोनों (मैं और प्रेरणा) को सहज रूप से लगा कि मौनी रॉय इसके लिए आदर्श विकल्प हैं। वह बेहद आकर्षक, सुरुचिपूर्ण और प्रतिभावान हैं।




# 'नागबंधनम' अब ओटीटी पर दी दस्तक...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्म 'नागबंधम' इसी महीने 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। करीब 21 दिनों बाद ही निर्माताओं ने इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मौजूद करा दिया है, जिससे लोगों के पीस वीकेंड पर इसका लुत्फ उठाने का खास मौका होगा। फिल्म ने दुनियाभर में 27.16 करोड़ रुपये का ग्रॉस कारोबार किया था। इसका निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है, जिसमें विराट कर्ण, नाभा नतेश और ईश्वर्या मेनन मुख्य किरदारों में है। निर्माताओं ने पुष्टि की है कि 'नागबंधनम' 24 जुलाई, 2026 से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होना शुरू हो चुकी है। उन्होंने पोस्ट के साथ में कैप्शन लिखा, 'छिपे हुए खजानों को खोजने का सफर अब शुरू होता है।' ये एक माइथोलॉजिकल फैंटेसी एडवेंचर फिल्म है।

टीवी मसाला



# 'इंडियन आइडल 16' का ग्रैंड फिनाले आज, नहीं दिखेंगे विशाल ददलानी...

**मुंबई।** कई महीनों के परफॉर्मेंस, इमोशनल पलों और प्रेरणादायक कहानियों के बाद इंडियन आइडल सीजन 16 रविवार, 26 जुलाई को अपने ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने वाला है। 'यादों की प्लेलिस्ट' थीम पर आधारित यह फिनाले संगीत, पुरानी यादों और जश्न से भरी शाम का वादा करता है, जिसमें छह फाइनलिस्ट में से कोई एक इंडियन आइडल की शानदार ट्रॉफी जीतेगा। हालांकि, 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड फिनाले में विशाल ददलानी नहीं दिखेंगे। उन्होंने खुद इसके पीछे की वजह भी बताई है। अंशिका चोनकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, मायस्मे बोसू, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला ने पूरे सीजन में जजों और दर्शकों को प्रभावित करने के बाद कॉम्पिटिशन में जगह बनाई है। जज विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान कंटेस्टेंट का मार्गदर्शन किया है, जबकि होस्ट आदित्य नारायण ने शो को हर पड़ाव पर आगे बढ़ाया है। ग्रैंड फिनाले में कई खास मेहमान भी शामिल होंगे। श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ जश्न मनाने के लिए उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी आएंगे, जिससे फिनाले और भी शानदार होने वाला है। विशाल लंबे समय से विवादों में बने हुए हैं और अब शो में अपनी गैरमौजूदगी के कारण चर्चा में हैं। जी हां, विशाल ददलानी इस शो के फिनाले में नजर नहीं आएंगे।

## 'नागिन 7' के लिए प्रियंका ने 12 घंटे की थी लगातार शूटिंग


**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने हाल ही में एकता कपूर की सुपरनैचुरल फैंटेसी सीरीज 'नागिन 7' में लीड रोल निभाकर लोगों का दिल जीता था। सीजन खत्म होने के बाद फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि फिल्ममेकर-कोरियोग्राफर फराह खान अपने पॉपुलर व्लॉग के लिए प्रियंका के घर कब जाएंगी।



आखिरकार यह इंतजार खत्म हो गया। फराह के लेटेस्ट व्लॉग में प्रियंका ने 'नागिन 7' साइन करने को लेकर अपनी शुरुआती हिचकिचाहट के बारे में बात की और बताया कि कैसे उन्होंने 'बैटलग्राउंड' और शो के बीच तालमेल बिठाते हुए 12 घंटे की लंबी शिफ्ट में काम किया। प्रियंका ने बताया कि उन्होंने शुरू में 'नागिन' के लिए मना कर दिया था। उन्होंने याद करते हुए कहा, 'एकता मैम ने मुझे बिग बॉस हाउस के अंदर ही नागिन का ऑफर दिया था। बाद में उन्होंने मुझे बताया कि जब दिवाकर बनर्जी कंटेस्टेंट्स को चुन रहे थे तो उन्होंने खास तौर पर उनसे कहा था कि मुझे एलिमिनेट न करें, क्योंकि वह मुझे किसी और चीज के लिए रखना चाहती थीं।

# 'राणाबाली' के लिए दिन-रात पसीना बहा रहे देवरकोंडा

**मुंबई।** विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म 'राणाबाली' को लेकर खूब चर्चा बटोर रहे हैं। इस पीरियड ड्रामा में उनके साथ रश्मिका मंदाना मुख्य किरदार में नजर आएंगी, जिसका टीजर साल की शुरुआत में आया था। हालिया अपडेट में बताया गया है कि विजय अपनी इस फिल्म के लिए कड़े प्रशिक्षण ले रहे है, जिसमें घुड़सवारी, हथियार और युद्ध कला कौशल भी शामिल है। अभिनेता द्वारा यह कड़ा प्रशिक्षण पर्दे पर बिल्कुल असली एक्शन दिखाने के लिए किया जा रहा है। एक इंटरव्यू में एक सूत्र ने कहा, इस भूमिका के लिए विजय ने गहन तैयारी में खुद को पूरी तरह से झोंक दिया। उन्होंने घुड़सवारी के मुश्किल प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया, नियंत्रण और फुर्ती में महारत हासिल की, साथ ही साथ हथियार चलाना, बंदूक चलाना और नकली गोलीबारी के प्रभावों के बीच अभिनय करना सीखा, और यह सब उन्होंने घोड़े पर सवार रहते हुए किया। उन्होंने बताया कि अभिनेता ने गहन शारीरिक परिवर्तन भी अपनाया है।




### 11 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी 'राणाबाली'

राहुल सांकृत्यान द्वारा निर्देशित पैन इंडिया फिल्म 'राणाबाली' इसी साल 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सूत्र ने बताया कि घुड़सवारी, उन्नत युद्ध तकनीक, हथियार चलाने का कौशल और एक गहन फिटनेस कार्यक्रम को मिलाकर, विजय ने खुद को नई सीमाओं तक पहुंचाया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर फ्रेम फिल्म के पैमाने और दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके अलावा, उनकी आने वाली फिल्मों में 'राउडी जनार्दन' और 'वीडीएक्स शोरयुव' शामिल हैं।

# 'ओह माय डॉग' पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची, 7 बदलावों के बाद दिया प्रमाणपत्र

**मुंबई।** निर्देशक अमित राय की फिल्म 'ओह माय डॉग' सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। पंकज त्रिपाठी अभिनीत इसका ट्रेलर इसी हफ्ते यूट्यूब पर जारी किया गया था, जिसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। ताजा अपडेट है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने कुछ बदलावों के बाद इसकी रिलीज को हरी झंडी दिखा दी है। साथ में यू/ए रेटिंग के साथ प्रमाणपत्र भी दिया है, जिसके चलते कम उम्र के दर्शक फिल्म को माता-पिता के मार्गदर्शन में देख सकेंगे।

***फिल्म में संशोधन करने का निर्देश :*** बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, सेंसर बोर्ड ने फिल्म की जिन सामग्री पर आपत्ति जताई, उनमें 'ट्रूकॉलर' और 'डेटॉल' जैसे ब्रांडों के नाम शामिल है। एक अपशब्द को हटाया गया है। कुत्ते से जुड़े



एक दृश्य को 2 सेकेंड छोटा किया गया है, जबकि एक अन्य दृश्य में भगवान हनुमान के फोटो फ्रेम को धुंधला किया गया है। बोर्ड ने टीम को 2 अस्वीकरण जोड़ने का भी निर्देश दिया है, जिनमें से एक बाल श्रम और दूसरा मानव तस्करी पर है।

***बोर्ड के फैसले का निर्देशक ने किया सम्मान :*** एक इंटरव्यू में निर्देशक ने बोर्ड के निर्देश को व्यवहारिक बताया और कहा कि इस बार जिस तरह से काम हुआ है उससे वह खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने मुझे ऐसे कट दिए हैं जो व्यवहारिक हैं। दरअसल, उनकी पिछली फिल्म 'ओएमजी 2' (2023) को लगभग 85 संशोधनों के बाद 'ए' प्रमाणपत्र दिया गया था। 'ओह माय डॉग' इस फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी है, जो 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में आते ही श्रद्धा को घेरा

**मुंबई।** अपूर्वा मुखीजा ने 'लॉक अप 2' में वाइल्डकार्ड बनकर एंट्री ली और बिना देर किए श्रद्धा को 2 मुंहा करार दिया। खाने की मेज पर माहौल तब गरमा गया, जब अपूर्वा ने श्रद्धा का एक वायरल वीडियो सामने रखा। यह वीडियो टायला के मुंबई कॉन्सर्ट का था, जहां श्रद्धा एक लड़के के कंधों पर नाच रही थीं। यह वीडियो पहले से ही इंटरनेट पर काफी चर्चा बटोर रहा था। श्रद्धा ने बताया कि वीडियो में जो लड़का था, वह उनके परिवार का हिस्सा था, कोई अनजान इंसान नहीं था। उनके बॉयफ्रेंड ऋषभ ने भी श्रद्धा का साथ दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए कहां कि उन्हें अपनी प्रेमिका पर पूरा भरोसा है और उन्हें कभी भी उन पर शक करने की कोई वजह नहीं मिली। उन्होंने लोगों से श्रद्धा को नफरत भरे मैसेज भेजना बंद करने की अपील भी की।



# अगर नहीं देखीं मणिरत्नम की ये फिल्में, तो ओटीटी पर आज ही लें मजा

*__मुंबई।__ भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशक मणिरत्नम अपनी शानदार कहानी कहने की शैली और यादगार फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने अपने लंबे करियर में कई ऐसी फिल्में बनाई हैं, जिन्हें दर्शकों और समीक्षकों दोनों का भरपूर प्यार मिला। उनकी फिल्मों में दमदार कहानी, बेहतरीन निर्देशन और शानदार अभिनय का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं मणिरत्नम की उन बेहतरीन फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।*

### 'पोन्नियिन सेल्वन 1,2' और 'बॉम्बे'

निर्देशक मणिरत्नम की फिल्म 'पोन्नियिन सेल्वन' का पहले और दूसरे भाग को लोगो ने खूब पसंद किया था। इसमें ऐश्वर्या राय, विक्रम, कार्ति, जयम रवि, तृषा, शोभिता धूलिपाला और प्रकाश राज मुख्य भूमिका में हैं। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। फिल्म 'बॉम्बे' मुंबई दंगों और हिन्दू मुस्लिम की शादियों पर बनी है। इस फिल्म को हिंदी के साथ-साथ तेलुगु और मलयालम में भी रिलीज किया गया था। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।



### 'रोजा' और 'दिल से'

फिल्म 'रोजा' के निर्देशक मणिरत्नम हैं। अरविंद स्वामी और मधु की इस फिल्म की कहानी से लेकर गाने तक सुपरहिट हुए थे। इस फिल्म ने 1995 में बंपर कमाई की थी। इसका लुफ्त आप प्राइम वीडियो पर ले सकते हैं। फिल्म 'दिल से' एक हिट मूवी साबित हुई थी। इसमें शाहरुख खान, मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा मुख्य भूमिका में थे। इस सुपरहिट फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### 'गुरु'

साल 2007 में रिलीज हुई मणिरत्नम की फिल्म 'गुरु' में ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म के साथ-साथ दोनों की जोड़ी को भी लोगों ने खूब पसंद किया था। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## रणबीर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' दिवाली पर

*__मुंबई।__ रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह है और इससे बॉक्स ऑफिस पर बड़े रिकॉर्ड बनाने की उम्मीद की जा रही है।*



## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक घायल

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र में तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चल रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, लोमहर्ष अनंत पिता सुकलाल अनंत, पेशे से ड्राइवर हैं। 25 जुलाई की शाम करीब 5.53 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 बीके 7366 से चंदन पान ठेला से कबीर चौक की ओर जा रहे थे। पटेल मेडिकल के पास पहुंचने पर पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 13 एएल 3152 के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में लोमहर्ष अनंत को चोट लगी। जूटमिल थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों तथा कार चालक की लापरवाही की जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश ने ली बुजुर्ग की जान

**रायगढ़।** रैरूमाखुर्द चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धरमपुर में शनिवार को एक 76 वर्षीय बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। ग्राम पंचायत साजापाली के आश्रित ग्राम धरमपुर निवासी बंधनराम पंडो 76 अपने घर पर मौजूद थे। इसी दौरान गांव का मकरदम मांझी 40 वहां पहुंचा। दोनों के बीच पहले से चली आ रही रंजिश को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो कुछ ही देर में उग्र हो गया। गुस्से में आए मकरदम मांझी ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाकर बंधनराम पंडो के सिर पर हमला कर दिया। वार इतना गंभीर था कि बुजुर्ग मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरमजयगढ़ ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इन सब के इतर इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मकरदम मांझी को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे पुरानी रंजिश का कारण सामने आया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और साक्ष्य जुटाने के साथ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हाथियों ने दो...

गांव में करीब 20 हाथियों के दल ने खेतों में तबाही मचाते हुए धान की फसल रौंद दी और एक शौचालय को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज स्थित चारमार गांव में एक हाथी जंगल से निकलकर स्कूल परिसर तक पहुंच गया। हाथी ने अपनी सूंड से स्कूल की बाउंड्रीवाल को क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि घटना के समय स्कूल में कोई गतिविधि नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में रायगढ़ जिले के रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन मंडलों में कुल 142 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 103 हाथी (32 नर, 48 मादा और 23 शावक) तथा रायगढ़ वन मंडल में 39 हाथी (10 नर, 24 मादा और 5 शावक) शामिल हैं। हाथियों की लगातार बढ़ती आवाजाही से जंगल से लगे गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी तेज कर दी है। कापू रेंज के रेंजर सूर्यकांत नेताम ने बताया कि हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। गांवों में मुनादी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है तथा जंगल से लगे घरों में रात के समय नहीं रुकने की सलाह दी जा रही है। साथ ही ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने और किसी भी गतिविधि की तत्काल सूचना वन विभाग को देने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### उफनते नाले में ...

उसमें सवार लोगों का कोई सुराग नहीं मिल पाया था। बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे कई क्षेत्रों में आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। प्रशासन ने लोगों से जलभराव और उफनते नालों को पार करने से बचने की अपील की है। जानकारी मिली है कि दोनों पति पत्नी उनके माधोपाली स्थित छड़ सीमेंट की दुकान से पैसे लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान लात नाले पर पानी का तेज बहाव होने के बावजूद कार को पार कर रहे थे। जैसे ही बीच मझधार में कार पहुंची अनबैलेंस होकर नदी में जा गिरी। बहती कार बीच नदी में लोगों को नजर आई, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी। दोनों पति पत्नी का देर रात तक कुछ पता नहीं चला था।

## जान जोखिम में डालकर अस्पताल जाने को मजबूर ग्रामीण

# आजादी के दशकों बाद भी महुवादरहा में सड़क और पुलिया का इंतजार

देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन जिले की ग्राम पंचायत जामजुनवानी के महुवादरहा मोहल्ले में आज भी विकास की बुनियादी सुविधाएं नहीं पहुंच सकी हैं। यहां रहने वाले 100 से अधिक परिवार लंबे समय से पक्की सड़क और पुलिया की मांग कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सड़क और पुलिया के अभाव में ग्रामीणों को आज भी जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ता है। स्थानीय उपसरपंच विजय पैकरा ने बताया कि महुवादरहा एवं बथान पारा मोहल्ले में 100 से अधिक परिवार निवास करते हैं। मोहल्ले तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है और रास्ते में पड़ने वाले नाले पर पुलिया का भी निर्माण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने सड़क और पुलिया निर्माण की मांग को लेकर कई बार आवेदन दिए, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

### 12 से 15 किलोमीटर का चक्कर

ग्रामीणों के अनुसार, महुवादरहा से घोघरा होते हुए यदि सड़क और नाले पर पुलिया का निर्माण हो जाए तो तमता की दूरी महज 5 से 6 किलोमीटर रह जाएगी। लेकिन वर्तमान में सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को जामजुनवानी और मिर्जापुर होते हुए 12 से 15 किलोमीटर का लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। ग्रामीणों को अस्पताल, स्कूल, बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए तमता जाना पड़ता है। सड़क के अभाव में हर दिन उन्हें अतिरिक्त दूरी और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उफनते नाले को पार कर स्कूल जाते हैं बच्चे, हाथी प्रभावित क्षेत्र होने से बढ़ा खतरा



### बारिश में थम जाती है जिंदगी

ग्रामीण लछन सिंह ने बताया कि गर्मी के दिनों में किसी तरह खेतों की मेढ़ और कच्चे रास्तों से आवागमन हो जाता है, लेकिन बारिश शुरू होते ही समस्या गंभीर हो जाती है। बथान पारा और महुवादरहा के बीच स्थित नाले में बारिश के दौरान तेज बहाव आ जाता है। उन्होंने बताया कि कई बार मासूम बच्चों को इसी उफनते नाले को पार कर स्कूल जाना पड़ता है। वहीं, किसी ग्रामीण के बीमार पड़ने या आपात स्थिति में मरीज को चारपाई या मोटरसाइकिल के सहारे किसी तरह मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है।

### प्रशासन से लगाई गुहार

महुवादरहा के ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने शासन और जिला प्रशासन से इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग है कि बथान पारा और महुवादरहा के बीच नाले पर जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराया जाए तथा घोघरा होते हुए तमता तक पक्की सड़क बनाई जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

### लंबे समय से की जा रही मांग

ग्राम पंचायत जामजुनवानी के सरपंच शिव प्रसाद लकड़ा ने कहा कि महुवादरहा और आसपास के मोहल्लों के ग्रामीण लंबे समय से सड़क और पुलिया की समस्या से जूझ रहे हैं। जनसमस्या निवारण शिविरों और प्रशासनिक स्तर पर कई बार आवेदन देकर पक्की सड़क और पुलिया निर्माण की मांग की गई है, लेकिन अब तक शासन-प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल या स्वीकृति नहीं मिली है। सरपंच ने कहा कि इस मार्ग पर सड़क और पुलिया का निर्माण होने से महुवादरहा सहित आसपास के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी।

### हाथी प्रभावित क्षेत्र

महुवादरहा क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ऐसे में सड़क के अभाव में ग्रामीणों को खेतों की मेढ़ों और कच्चे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। रात के समय जंगल और खेतों में हाथियों की आवाजाही के कारण ग्रामीणों में हमेशा भय का माहौल बना रहता है।

## बिना सत्यापन रोजगार देने वालों पर भी रहेगी प्रशासन की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ किराएदारों, प्रवासी श्रमिकों और औद्योगिक इकाइयों में विदेशी नागरिकों के दस्तावेजों की गईजांच

जिले में राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रविवार को रायगढ़ पुलिस ने अवैध अप्रवासियों की पहचान और सत्यापन के लिए सघन जांच अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने किराए के मकानों, श्रमिक बस्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों तथा बाहरी राज्यों और अन्य देशों के नागरिकों के संभावित निवास स्थलों पर दस्तावेजों की जांच की।

अभियान के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उनके मार्गदर्शन में सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे स्थानों की पहचान की, जहां बड़ी संख्या में किराएदार, प्रवासी श्रमिक और बाहरी राज्यों के लोग रह रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया।पुलिस ने जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों और प्लांटों में कार्यरत विदेशी नागरिकों के पासपोर्ट, वीजा और अन्य वैध दस्तावेजों की भी जांच के निर्देश दिए हैं। उद्योग प्रबंधन को स्पष्ट किया गया है कि बिना पुलिस सत्यापन और वैध दस्तावेजों के किसी भी विदेशी अथवा बाहरी व्यक्ति को रोजगार नहीं दिया जाए।

## संत माईकेल स्कूल में चोरी के मामले में 6 आरोपी और 2 कबाड़ी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शहर के रामभांठा स्थित संत माईकेल अंग्रेजी माध्यम स्कूल के निर्माणाधीन भवन में हुई करीब दो लाख रुपये की चोरी का कोतवाली पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में छह आरोपियों तथा चोरी का माल खरीदने वाले दो कबाड़ियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन विधि से संघर्षरत अपचारी बालक भी शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन की ओर से रोमानुस कुजूर ने 24 जुलाई को कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 18 जुलाई को विद्यालय बंद करने के बाद 20 जुलाई की सुबह जब निर्माणाधीन भवन खोला गया तो कमरे का ताला टूटा



मिला। अंदर रखे वायरिंग वायर, प्लम्बिंग सामग्री, पेंट, तड़ित चालक सहित अन्य निर्माण सामग्री गायब थी। चोरी गई सामग्री की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये बताई गई। मामले में अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में पुलिस ने जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक ऐसे नाबालिग को हिरासत में लिया, जो पूर्व में भी चोरी के मामलों में शामिल रह चुका था।

## अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट बनोरा में 29 को मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**रायगढ़।** गुरु शिष्य परंपरा के पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रायगढ़ जिले के ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरुपीठ ब्रह्मनिष्ठालय में गुरु पूर्णिमा पर्व पर आध्यात्मिक आयोजन 29 जुलाई बुधवार को होने जा रहा है।

पूज्यपाद औघड़ संत प्रियदर्शी राम के पावन सानिध्य में होने वाले इस आयोजन को लेकर देश के विभिन्न राज्यों सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में गुरु शिष्य मिलन की इस पावन परंपरा को लेकर अपार श्रद्धा का माहौल है। अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट, बनोरा से मिली जानकारी के अनुसार आयोजन को लेकर तैयारिया जोरो पर है इस आयोजन में धर्मावलंबी और मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल होंगें। 29 जुलाई बुधवार को गुरूपूर्णिमा के एक दिन पूर्व




■ हवन, सामूहिक पाठ के साथ महान संत प्रियदर्शी राम जी का होगा आशीर्वचन

मंगलवार को प्रातः 06.30 बजे से संध्या काल तक अघोर गुरुपीठ ब्रह्मनिष्ठालय परिसर में सफाई एवं श्रमदान किया जाएगा। सेवा की पावन परंपरा ही आयोजन की आधार शीला है। 29 जुलाई बुधवार को प्रातः 06.30 बजे शक्ति ध्वज पूजन व सफलयोनी पाठ,प्रातः 07बजे औघड़ संत पूज्यपाद .प्रियदर्शी राम जी के कर कमलों से .गुरुचरण पादुका पूजन एवं हवन,प्रातः 08 बजे सामूहिक आरती, प्रातः 08. 30 बजे गुरुगतीता का सामूहिक पाठ, प्रातः 09 से दोपहर 12.30 बजे तक श्री गुरु दर्शनम दोपहर 12 से सायं 04 बजे तक सामूहिक प्रसाद वितरण, अपरान्ह 04.30 बजे से सत्संग एवं गुरुदेव का आशीर्वचन होगा। व्यवस्थापक मण्डल, अघोर गुरुपीठ ट्रस्ट ने क्षेत्र के सभी धर्मबन्धुओं एवं माताओं को बताया कि गुरु पूर्णिमा सिर्फ पर्व नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाले गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। श्रमदान से लेकर सत्संग तक, हर कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा, शांति और संस्कार का संदेश समाज के मध्य प्रसारित करना है।

## हर हर महादेव के जयघोष के साथ 13 अगस्त को निकलेगी चंद्रपुर कांवरिया संघ की पाचवीं पैदल कावड़ यात्रा

■ 150 बम भाइयों के साथ चंद्रपुर से देवघर तक आस्थाए सेवा और समर्पण की अनूठी यात्रा

**चंद्रपुर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए चंद्रपुर कांवरिया संघ द्वारा इस वर्ष 13 अगस्त को पांचवी पैदल कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस पवित्र यात्रा में लगभग 150 कांवड़िया बम भाई शामिल होकर भगवान शिव के जयघोष बोल बम हर हर महादेव और श्बाबा बैद्यनाथ की जय के उद्घोष के साथ अपनी कठिन लेकिन आस्था से परिपूर्ण यात्रा प्रारंभ करेंगे।

यात्रा के तहत सभी श्रद्धालु पहले बिहार के पवित्र तीर्थ सुल्तानगंज पहुंचेंगेए जहां उत्तरवाहिनी गंगा से



विधि.विधान के साथ जल संकल्प लेकर अपनी पैदल यात्रा प्रारंभ करेंगे। इसके बाद सैकड़ों किलोमीटर की कठिन पदयात्रा करते हुए सभी श्रद्धालु झारखंड स्थित विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर पहुंचेंगे और भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक कर परिवार, समाज एवं देश की सुख समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना करेंगे। यह यात्रा केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं हैए बल्कि आस्थाए विश्वासए सेवाए अनुशासन, समर्पण, भाईचारा और शिवभक्ति का अद्भुत संगम भी है। पूरी यात्रा के दौरान सभी बम भाई एक दूसरे का सहयोग करते हुए सामूहिक रूप से पैदल चलते हैं। रास्ते भर शिव भजनोंए हर हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो जाता है। यात्रा में सेवा भावनाए परस्पर प्रेम, अनुशासन और सामाजिक एकता का अनुपम दृश्य देखने को मिलता हैए जो नई पीढ़ी के लिए भी प्रेरणास्रोत बनता है। समूह के सदस्य रानू अग्रवाल ने कहा कि शिवभक्ति का वास्तविक अर्थ केवल पूजा अर्चना नहीं, बल्कि महादेव के प्रति पूर्ण समर्पण, मन की शांति, आत्मिक शक्ति और जीवन में संतुलन प्राप्त करना है। बाबा भोलेनाथ अपने प्रत्येक भक्त पर समान कृपा बरसाते हैं और उनकी भक्ति जीवन को नई दिशा प्रदान करती है। वहीं आकाश अग्रवाल रिक्की ने कहा कि भगवान शिव को भोलेनाथ इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे धन दौलत, वैभव या दिखावे से नहीं, बल्कि भक्त के निष्कपट, सच्चे और निर्मल भाव से प्रसन्न होते हैं।

## हत्या के आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**घरघोड़ा।** अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमान अभिषेक शर्मा ने हत्या के आरोपी मनी राम मझवार को उसकी समधन रमनिया बाई के हत्या का दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा 1000 के अर्थ दण्ड से भी दण्डित करने का दण्डादेश दिया।

मामले का संक्षिप्त विवरण बताते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना कापू के अनुसार ग्राम सरिया मड़वा ताल के धन सिंह मझवार ने सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया कि



21 फरवरी 2021 को वह अपनी पत्नी के साथ शादी का कपड़ा खरीदने ग्राम बनिया गया था जहां से 24 फरवरी 2021 को सुबह वापस आया तो उसका पुत्र दीपक ने बताया कि सुबह 5-6 बजे उसका दादा आरोपी मनी राम मझवार उसकी नानी रमनिया बाई को टांगी से उसके सिर में मारकर हत्या कर दिया है। उक्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी कापू धनी राम राठौर ने अपराध कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया और सूक्ष्मता पूर्वक जांच कर सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य को संकलित कर आरोपी के विरुद्ध धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता के तहत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था। विचारण न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी साक्षियों का बयान दर्ज कराए तथा उभय पक्ष के तर्क श्रवण करने के पश्चात आरोपी को हत्या के लिए दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। माननीय विद्वान न्यायालय ने मृतिका के विधिक वारिसानो को क्षतिपूर्ति राशि के रूप में 1 लाख विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के माध्यम से दिलाए जाने की अनुशंसा की है।

## दिव्यांग प्रतिभाओं और समाज सेवियों का किया गया सम्मान



**कोसीर।** सक्षम सम ष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल, जिला इकाई सारंगढ़ बिलाईगढ़ के तत्वावधान में प्रांजल दिव्यांग विशेष विद्यालय सारंगढ़ में सक्षम अपनी स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत सारंगढ़ के उपाध्यक्ष रामनाथ सिदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा विभाग के प्रभारी संचालक पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरपी जांगड़े ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्प मित्र तुलाराम सोनवानी, प्रांजल दिव्यांग विद्यालय की संचालिका श्रीमती हीरादेवी निराला लक्ष्मीनारायण लहरे एवं सक्षम जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की जिला संयोजक श्रीमती सरिता सिदार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रांजल दिव्यांग विद्यालय के दिव्यांग बच्चों प्राची अनंत, नेहा पटेल, परी मानिकपुरी, नूतन निषाद एवं नताशा निषाद द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं नृत्य ने उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं जिला स्तरीय संगीत प्रतियोगिता के विजेता रोहित खर्रा एवं कुण पूनम महंत सहित अन्य कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांधा।

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### मशरूम उत्पादन से बदली पुष्पा की जिंदगी

**रायगढ़।** पुष्पा साव मशरूम उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। आज वे मशरूम उत्पादन से सालाना लगभग 1.50 लाख रुपए की आय अर्जित कर रही हैं और अपने गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। जिले के ग्राम कुरमापाली निवासी श्रीमती पुष्पा साव बताती हैं कि कुछ वर्ष पहले तक उनका परिवार पूरी तरह मजदूरी पर निर्भर था। मेहनत के बावजूद आमदनी सीमित थी, जिससे परिवार का खर्च चलाना भी कठिन हो जाता था। बच्चों की अच्छी शिक्षा और परिवार के बेहतर भविष्य का सपना आर्थिक अभाव के कारण अधूरा लगता था। ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की जानकारी मिली। उन्होंने संस्कार स्व सहायता समूह से जुड़कर नियमित बचत शुरू की।

### 30 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ाया आरोपी

**सारंगढ़।** शनिवार को जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने भकुर्रा अमलीडीपा मार्ग पर तलाशी ली जा रही थी। दौरान ग्राम भीमसेनडीह निवासी आरोपी ललित जायसवाल पिता सहदेव के दोपहिया वाहन बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 13 एएस 2154 में 30 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब पर वाहन जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कराया गया।

### पूर्वज के आधार पर बोन्दा कोटवार की नियुक्ति

**सारंगढ़।** सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू ने मीडिया में प्रकाशित खबर पर अपना पक्ष रखते हुए विभागीय कार्य के संबंध में जानकारी दी कि, सरिया तहसील के अधीन ग्राम बोन्दा, कटंगपाली, खोखेपुर में कोटवार की नियुक्ति नियमानुसार कोटवार भर्ती नियम के आधार पर किया गया है। ग्राम बोन्दा में नियुक्त कोटवार के पूर्वज के कोटवार होने के आधार पर किया गया है। नियुक्त कोटवार के पिता हलधर, दादा चमरा और परदादा कुलधर ग्राम बोन्दा के कोटवार रह चुके हैं। इसी प्रकार कटंगपाली के कोटवार द्वारा सरकारी कोटवारी भूमि में फ्लाईएश डंपिंग नियम विरुद्ध कराया गया, जिसके आधार पर कोटवार सेवा समाप्त (बर्खास्त) किया गया है, जिनके अपील प्रकरण उच्चतर कोर्ट में विचाराधीन है। तहसीलदार ने कहा है कि, यदि किसी प्रकरण में किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो उसके विरुद्ध अपील कर सकते हैं।

### 25 साल से लापता है गजानन, हो रही परेशानी

**पुसौर।** पिछले 25 वर्षों से लापता पति की संपत्ति के नामांतरण को लेकर एक महिला को दर-दर भटकना पड़ रहा है। पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम कोडातराई निवासी गजानन साव वर्ष 2001 से लापता हैं। लापता होने के बाद से उनके परिवार को सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोडातराई निवासी गजानन साव पिता नरसिंह साव उस समय लगभग 50 वर्ष के थे। वर्ष 2001 में वे अचानक घर से लापता हो गए थे। इसकी सूचना पुसौर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिवार के साथ-साथ पुलिस और प्रशासन ने भी काफी खोजबीन की लेकिन आज तक गजानन साव का कोई पता नहीं चल सका। गजानन साव के नाम पर गांव में चल-अचल संपत्ति दर्ज है। पति के लापता होने के कारण पत्नी मालती साव को न तो जमीन बेचने की अनुमति मिल पा रही है और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ ले पा रही हैं। वर्तमान में सभी राजस्व और बैंकिंग कार्य ऑनलाइन और बायोमेट्रिक आधार पर होने के कारण मालती साव को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बिना पति के दस्तखत और अंगूठे के कोई भी काम नहीं हो पा रहा। इस समस्या से निजात पाने के लिए मालती साव ने पंचायत के समक्ष फरियाद प्रस्तुत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए पंचायत प्रबंधन ने ग्राम सभा की बैठक बुलाई।

# पूर्व सैनिक संगठन ने मनाया कारगिल विजय दिवस

## देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले शहीदों का किया पुण्य स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई के ही दिन भारतीय सेना द्वारा 1999 में कारगिल युद्ध में पाकिस्तान परास्त किया गया था इसके 27 वें वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। रायगढ़ बुजी भवन के पास कारगील स्मारक चौक में रायगढ़ के पूर्व सैनिक संगठन द्वारा शहीद वीर जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कारगील विजय दिवस मनाया गया इस अवसर पर रायगढ़ के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ पत्रकार शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिताश्री सुभाष त्रिपाठी व्याख्याता एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी भोजराम पटेल भी विशेष रूप से उपस्थित थे ।

रायगढ़ जिला पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी प्रातः 8 बजे कारगिल चौक पर उपस्थित होकर सभी शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सेल्युट करते हुए पुण्य स्मरण किया। रायगढ़ पूर्व सैनिक संगठन द्वारा रायगढ़ वासियों के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया गया जिसमें कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारत



मां के लाल वीर शहीदों को शहीद स्मारक रायगढ़ में श्रद्धांजलि देने के पश्चात राष्ट्रगान किया गया और अंत में कारगील विजय की खुशी को याद कर मिष्ठान वितरण किया गया स कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुभाष त्रिपाठी पिता शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी, पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष सूबेदार मेजर एस एन प्रधान, जिला सैनिक कल्याण से सूबेदार मेजर बाल कृष्ण, केप्टन एल के चौधरी, सूबेदार मेजर तेजराम डनसेना, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व जिला संगठक भोजराम पटेल, सरंक्षक पूर्व सैनिक लाला प्रसाद, उपाध्यक्ष सर्जेंट पुरुषोत्तम गभेल, सचिव पूर्व सैनिक रवि प्रकाश गुप्ता, पूर्व सैनिक अशोक पटेल, पूर्व सैनिक दिनेश गुप्ता, पूण सै एम के झा, पू सै गुलावन सिंह ठाकुर, पूसै रमेश सिंहा, पूसै छवि पटेल, पूसै विजय ठाकुर, पूसै बसन्त कुमार, एक्स सार्जेंट संजीव कुमार डेए एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से केरकेट्टा की उपस्थिति रही पुष्पांजलि के पश्चात मिठाई बांटकर कारगिल विजय दिवस की एक दुसरे को बधाई दी गई । तत्पश्चात सभी उपस्थित जन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम पहुंचकर शहीद विप्लव त्रिपाठी को भी श्रद्धासुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर भावुक हो कर शहीद विप्लव त्रिपाठी के पिताश्री सुभाष त्रिपाठी ने अपनी भावना व्यक्त कर शहीद पुत्र को स्मरण किया।

### देश के लिए समर्पित सेना नायकों पर गर्व : सुभाष त्रिपाठी

शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता सुभाष त्रिपाठी ने कारगिल विजय दिवस पर सभी शहीद सेना नायकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वालों के प्रति देश कृतज्ञ है तथा समस्त नागरिकों को भी शहीदों के प्रति सम्मान के साथ श्रद्धा भाव होना ही चाहिए।



# राष्ट्र की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए जवानों ने युद्ध लड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जिंदल पावर द्वारा कारगिल युद्ध के योद्धाओं व शहीदों की याद में कार्यक्रम का आयोजन ओपी जिंदल स्कूल सावित्री नगर के आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईर्डी और एचओपी जी वेंकटरेड्डी थे।

कार्यक्रम से पहले श्री वेंकटरेड्डी द्वारा राष्ट्र ध्वज फहराया गया प्लांट और कालोनी के सुरक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा राश्ट्र ध्वज को सलामी दी गई और राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रेड्डी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस वह दिन है जो प्रत्येक भारतीय के हृदय को गौरव, कृतज्ञता और सम्मान से भर देता है। उन्होंने वर्श 1999 में कारगिल युद्ध में अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और देष भक्ति का परिचय देने वाले भारतीय सषस्त्र बलों के जवानों को याद किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। श्री रेड्डी ने कहा कि 27 वर्श पूर्व हमारे सैनिकों ने कठिन परिस्थितियों में युद्ध लड़ा था, 16 हजार फीट की ऊंचाई पर, हाड़ कंपा देने वाली ठंड में एक मजबूत और सुसज्जित दुष्मन के विरूद्ध, फिर भी वे केवल राष्ट्र की संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के एक ही लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े। उनका बलिदान हमें याद दिलाता है किआज हम जिस स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वह हमारे वीरों के रक्त और पराक्रम से अर्जित हुई है। उन्होंने कहा कि जिंदल पावर में हम भले ही युद्धभूमि में न हों लेकिन हम सभी की राश्ट्र के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सुरक्षित संचालन करके, अनुशासन बनाए रखकर, अपनी परिसंपत्तियों की रक्षा करके हम राष्ट्र की प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा में योगदान देते हैं। ईडी एंड एचओपी श्री वेंकट रेड्डी ने कहा सुरक्षा कर्मी इस संगठन की प्रथम सुरक्षा पंक्ति हैं। आपकी सतर्कता, समर्पण और पेशेवर दक्षता हमारे संचालन की सुरक्षा और निरंतरता सुनिष्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पूर्व सैनिकों का सम्मान शॉल देकर किया गया। कार्यक्रम में अभय साम्यार, गोविंद कुमार, विजय जैन, संजीव कुमार, आरपीं पांडेय, वाचस्पति मिश्रा, श्रीनिवास, एचएम पांडेय, सुधीर चौधरी, आकांक्षा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जैतपुर के नीरज ने नीट में हासिल की ऐतिहासिक सफलता

**सरसींवा।** कहते हैं कि सपनों की उड़ान ऊँचाइयों से नहीं, बल्कि हौसलों से तय होती है। इस कथन को सार्थक कर दिखाया है सरसींवा के समीपस्थ ग्राम जैतपुर के मेधावी छात्र नीरज चौहान ने। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश से निकलकर उन्होंने 2026 में 646 अंक अर्जित करते हुए ऑल इंडिया रैंक 1748 तथा अनुसूचित जाति वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर 50वाँ स्थान प्राप्त कर न केवल अपने माता पिता बल्कि पूरे सरसींवा अंचल सहित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।



नीरज श्रवण चौहान एवं उमहन चौहान के सुपुत्र हैं। वे प्रारंभ से ही एक प्रतिभाशाली एवं अनुशासित विद्यार्थी रहे हैं। उनकी शैक्षणिक यात्रा कक्षा 6वीं से जवाहर नवोदय विद्यालय, लवन से प्रारंभ हुई, जहाँ उन्होंने अपनी प्रतिभा का निरंतर परिचय दिया। इसके बाद चिकित्सा क्षेत्र में अपना सपना साकार करने के उद्देश्य से वे पुणे महाराष्ट्र गए और वहाँ कठिन परिश्रम, समर्पण तथा उत्कृष्ट मार्गदर्शन के बल पर देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

### म्यूल अकाउंट गिरोह का फरार सदस्य गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** म्यूल अकाउंट के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के फरार सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के म्यूल अकाउंट खाते से डेढ़ लाख का लेन देन किया गया था। गिरोह के 5 सदस्य पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सायबर ठगी के गिरोह का नेटवर्क जिले में फैलता जा रहा है। कमीशन के माध्यम से पैसा कमाने लोग म्यूल एकाउंट देकर साइबर ठगों के गिरोह से जुड़ रहे हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मिली दो नए कमरों की सौगात

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वरिष्ठ समाजसेवी दधीवामन साव एवं गुप्ता वस्त्र भंडार के संचालक दिनेश गुप्ता ने जनसेवा की मिसाल पेश की है। क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दोनों समाजसेवियों ने पुसौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपने निजी खर्च से एक.एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया है।

अस्पताल में मरीजों की बढ़ती संख्या और जगह की कमी को देखते हुए यह निर्माण कार्य कराया गया है। इससे अब ओपीडी जांच और भर्ती मरीजों को बैठने व उपचार में काफी सहूलियत मिलेगी। यह पहल निश्चित रूप से समाजसेवा और जनकल्याण की दिशा में प्रेरणादायी उदाहरण है। नवनिर्मित अतिरिक्त कक्षों का विधिवत लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी के



करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरा स्वास्थ्य केंद्र परिसर देशभक्ति और सेवा भाव के नारों से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष उमेश साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयमिनी गुप्ता, नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण जीवन दीप समिति के सदस्य डॉ. विनोद नायक सहित अस्पताल के समस्त चिकित्सकीय स्टाफ और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने समाजसेवियों के इस योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सतपथी ने कहा कि सरकारी संसाधनों के साथ साथ ऐसे समाजसेवियों का सहयोग ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बना सकता है। दधीवामन साव और दिनेश गुप्ता का यह कदम अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। समाजहित में किए गए इस अनुकरणीय योगदान के लिए उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने दधीवामन साव एवं दिनेश गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं साधुवाद दिया। लोगों का कहना था कि इनका सेवा भाव समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

### जिपं सीईओ ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**सरसीवा।** जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र के दौर पर पहुंचे थे। फील्ड में उतरकर योजनाओं के क्रियान्वयन को उन्होंने खुद निरीक्षण किया। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया गया कार्यों की गहन समीक्षा की गई तथा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बिलाईगढ़ जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जनपद क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ जिप ऋषिकेश तिवारी ने सचिवों को कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शी ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कांग्रेसियों ने निकाला विजय मार्च

**सरसीवा।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन के नेतृत्व में सारंगढ़ मुख्यालय सहित अनेकों स्थानों में कांग्रेसियों ने अपने अपने ब्लॉक में विजय जुलूस निकाला कर छात्र छात्राओं के माता पिता से आशीर्वाद लिए।

जानकारी हो कि आज जैसे ही दिल्ली में छात्रों के आंदोलन की मांग स्वरूप धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा के बाद कांग्रेसियों ने सारंगढ़ के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में कैंडल जलाकर विजय मार्च निकाला, जयघोष के नारे लगे। यह विजय मार्च जय स्तंभ चौक मिलन चौक बीरपारा चौक तुर्की तालाब गार्डन होते हुए सारंगढ़ जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचा, जहां डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा में कैंडल जलाकर विजय मार्च का समापन किया गया। कांग्रेसियों ने



महात्मा गांधी अमर रहे जय भीम और सत्यमेव जयते के नारे लगाए। उक्त अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि घनश्याम मनहर ने कहा कि केंद्र सरकार में धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा संघर्षरत छात्रों की जीत है। सूरज तिवारी एवं संजय दुबे ने कहा कि राहुल गांधी के आंदोलन का भय भाजपा सरकार पर साफ नजर आ रहा है। छात्र राजनीति के नेता गोल्डी नायक संगठन महामंत्री ने कहा कि जब जब छात्रों ने बड़ा आंदोलन किया है तब तब सरकार की कुर्सी डगमगाई है। युवा कांग्रेस नेता शुभम वाजपेई व छात्र नेता अभिषेक शर्मा ने बताया कि छात्रों की मांग के आगे बड़ी से बड़ी सरकार नहीं टिकी है। रमेश खूंटे व अजय बंजारे ने उक्त संघर्ष को बड़ी जीत बताई तो पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार ने भाजपा सरकार को डरा हुआ बताया और कहा कि पूरे देश में उनकी थू थू हो रही है। जिला पंचायत सदस्य विनोद भारद्वाज ने कहा छात्रों के सामने तुगलकी शासन को भी घुटने टेकने पड़ते हैं, भविष्य में सरकार ऐसा कायराना हरकत ना करें हमारे छात्र कल का भविष्य है।

# रमापति विद्यालय के छात्रों ने पेश की मिसाल, श्रमदान कर सड़क के भरे गड्ढे

**चंद्रपुर।** समाज सेवा और जनहित की भावना को साकार करते हुए रमापति विद्यालय, चंद्रपुर के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक पहल करते हुए श्रमदान किया।

छात्रों ने हीरापुर से चंद्रपुर मार्ग पर कई स्थानों पर बने बड़े.बड़े गड्ढों को ईंट राबीश से भरकर राहगीरों के लिए सड़क को सुरक्षित एवं सुगम बनाने का सराहनीय कार्य किया। यह श्रमदान कार्यक्रम विद्यालय के डायरेक्टर आरके साहू के निर्देशन, प्राचार्य शिवनाथ पटेल के नेतृत्व तथा कृषि विज्ञान के शिक्षक भोजराम डनसेना की अगुवाई में संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र दोशन पटेल, राजू पातर, आदित्य देवांगन, देव यादव, देवेंद्र साहू, सोहम साहू, राहुल जायसवाल एवं लोकेश



राठिया ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ श्रमदान करते हुए सड़क के गड्ढों को ईंट राबीश से भरकर आवागमन को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में ट्रैक्टर एवं राबीश की व्यवस्था धरमदास पाड़े द्वारा की गई।

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क, अब तक नहीं हुई मरम्मत

**बरमकेला।** बरमकेला नगर में जलावर्धन योजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदा गया था।

पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा कराया गया, जिसकी निगरानी की जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पीएचई विभाग की थी। लेकिन कार्य पूरा होने के तीन माह भी पूरे नहीं हुए हैं और सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह उखड़ गई है, बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और बरसात के कारण उनमें पानी भर गया है। इससे विभाग और ठेकेदार दोनों की कार्यशैली सवालों के घेरे में आ गई है। सरकारी योजनाओं में जनता के टैक्स के करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लेकिन जब निर्माण कार्य अपनी निर्धारित उम्र तो दूर, तीन माह भी पूरा नहीं कर पाता, तब निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। आखिर ऐसा क्या कारण रहा कि सड़क मरम्मत कार्य कुछ ही समय में अपनी वास्तविकता बयां करने लगा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया। जहां-जहां पाइपलाइन बिछाई गई थी, वहां सड़क की मरम्मत जल्दबाजी में की गई। आज स्थिति यह है कि सड़क की ऊपरी परत उखड़कर बाहर आ चुकी है।



कुछ स्थानों पर बारिश के कारण पानी जमा हो जाने तथा कुछ जगहों पर वाहनों की अधिक आवाजाही होने के कारण सड़क की कॉम्पेक्शन प्रक्रिया अच्छी तरह नहीं हो पाई होगी। इसी वजह से सड़क की यह स्थिति निर्मित हुई है।
**भीम लाल खरे, एसडीओ पीएचई**

### सौंपा गया पदाधिकारियों को उनका उत्तरदायित्व

# ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में पदभार ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपी जिंदल विद्यालय, तराईमाल में 25 जुलाई को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पदभार ग्रहण समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस समारोह का उद्देश्य नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व सौंपना और उनमें नेतृत्व के गुणों का विकास करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की माननीया प्राचार्या महोदया श्रीमती अलका गोडबोले का स्वागत पुष्प-गुच्छ भेंट कर की गई। इसके पश्चात प्राचार्या एवं सभी सदन प्रभारियों द्वारा दीप-प्रज्जवलन एवं विद्या, बुद्धि और ज्ञान प्रदान करने वाली मां सरस्वती की वंदना की गई। इसके बाद कक्षा चतुर्थ के छात्रों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत



किया गया। प्राचार्या ने नव-निर्वाचित 'विद्यालय नायक एवं नायिका' सहित अन्य पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि यह दायित्व अत्यंत प्रतिष्ठित है, क्योंकि इसमें विद्यालय की अपेक्षाओं और उत्तरदायित्वों का निर्वहन निहित है। उन्होंने कहा, नेतृत्व केवल पद या अधिकार नहीं, अपितु संस्था का विष्वास है। उन्होंने आगे कहा, यदि किसी विद्यार्थी को बैज प्राप्त न भी हुआ हो, तब भी वह विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग है। अतः सभी विद्यार्थियों को अनुषासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाना चाहिए। इसके बाद प्राचार्या महोदया, सदन प्रभारी एवं षिक्षकों ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बैज एवं पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपना आत्म-परिचय दिया। विद्यालय नायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि वह और पूरी छात्र परिषद, छात्रों तथा षिक्षकों के बीच सेतु का कार्य करेंगे। अंत में उन्होनें प्राचार्या सभी शिक्षकों और छात्रों के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। समारोह का सबसे प्रेरणादायक क्षण शपथ ग्रहण समारोह था। विद्यालय नायक ने सदन - आजाद, भगत, सुभाष एवं तिलक के सदन प्रमुख, उप सदन प्रमुख, अनुशासन प्रभारी, सांस्कृतिक प्रभारी, गतिविधि प्रभारी, स्वच्छता समिति प्रभारी, टीपीएम प्रभारी, क्रीड़ा सचिव एवं अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई। सभी ने विद्यालय के आदर्शों, अनुशासन और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। अंत में राष्ट्रगान गाकर समारोह की समाप्ति की गई।

